प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने जारी की किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त, नौ करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों के खाते में बीस हजार करोड़ रुपये हस्तांतरित, झारखंड के किसान भी हुए लाभान्वित।
2. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, रांची और खूंटी से तीन नक्सली गिरफ्तार।
3. राज्य में चार आइपीएस अधिकारियों के तबादले, क्रांति कुमार बने दुमका के जोनल आइजी, अजीत पीटर को देवघर एसपी की जिम्मेवारी।
4. मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 20 से 22 जून के बीच मानसून दे सकता है दस्तक, कुछ जिलों में आज तेज हवा के साथ हुई बारिश, पलामू और गढ़वा में लू का प्रकोप जारी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत करीब नौ करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों को बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि सखी के रूप में स्व–सहायता समूहों की तीस हजार से अधिक महिलाओं को प्रमाण पत्र भी दिये। तीसरी बार प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे श्री मोदी ने किसानों से संवाद भी किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी पूंजी है।

*******************

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का रांची के मोरहाबादी स्थित दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र में सीधा प्रसारण किया गया। मौके पर लखपति दीदी योजना से जुड़ी महिला कृषक और पीएम किसान सम्मन निधि के लाभार्थी के अलावा रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी भवेशानंद भी मौजूद रहे।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 जून को श्रीनगर में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेंगे। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय है– स्वयं और समाज के लिए योग। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रतापराव जाधव ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि हाल के वर्षों में लाखों लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से समुदायों पर योग के गहरे प्रभाव का पता चलता है।

इस अवसर पर, श्री जाधव ने दृष्टिबाधित लोगों की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में एक सामान्य योग प्रोटोकॉल पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने योग पर प्रोफेसर आयुष्मान कॉमिक का लोकार्पण भी किया।

*******************

राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आज रांची में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने रांची स्थित पहाड़ी मंदिर के अलावा लुगुबुरु और मरांगबुरु का विकास कार्य जल्द शुरु करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने रजरप्पा को विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे रांची के खेलगांव का के रखरखाव का भी खास ध्यान रखें।

*******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से आज गढ़वा जिले में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन और राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी शामिल हुए। मौके पर श्रीमती सोरेन ने लोकसभा चुनाव के दौरान मिली सफलता के लिए कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार जताया और विधानसभा की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने रांची से प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के दो कुख्यात सद्स्यों को गिरफ्तार किया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि बुढ़मू थाना क्षेत्र से इन नक्सलियों को एक देसी पिस्तौल और जिंदा कातूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

उधर, खूंटी जिले के तपकारा थाना क्षेत्र से पीएलएफआई के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया है।

*******************

सरायकेला जिले में लोकसभा चुनाव के बाद विकास की गति को एक बार फिर तेज कर दिया गया है।

*******************

राज्य में चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये गये हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार आईपीएस अधिकारी क्रांति कुमार गड़देशी को दुमका का जोनल आईजी बनाया गया है। जबकि दुमका में जोनल आईजी के तौर पर पदस्थापित ए. विजयलक्ष्मी को रांची में आईजी ट्रेनिंग के तौर पर पोस्टिंग दी गई है। जैप–वन के कमांडेंट के रूप में कार्यरत अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर का एसपी बनाया गया है। इसके अलावा वह जैप –5 के कमांडेंट के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। देवघर एसपी के रूप में पदस्थापित राकेश रंजन को स्थानांतरित करते हुए जैप–वन के कमांडेंट के रूप में पदस्थापित किया गया है।

*******************

झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति, जेबीकेएसएस नामक संगठन ने आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य की 55 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। संगठन के प्रमुख जयराम महतो ने आज रांची के ऑक्सीजन पार्क में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन से हमारा हौसला मजबूत हुआ है।

*******************

लातेहार जिले के आवासीय विद्यालय नेतरहाट में बच्चों एव शिक्षकों के बीच बाल संरक्षण और सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

*******************

गिरिडीह से झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया कि जिले को जल्द ही गिरिडीह होली सर्किट की सौगात मिल सकती है। उन्होंने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देवघर के अलावा गिरिडीह, रामगढ़ व रांची को एक सर्किट में जोड़ा जाना है। इसका निर्माण होने से गिरिडीह और रांची की दूरी 60 किलोमीटर कम हो जायेगी। विधायक ने यह भी बताया कि गिरिडीह बाइपास रोड के डीपीआर को भी स्वीकृति मिल चुकी। उन्होंने जिले की कई अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी।

*******************

राज्य के लोगों को अब जल्द ही गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 20 से 22 जून के बीच मानसून दस्तक दे सकता है। कल से ही राज्य के कई हिस्सों में बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना जतायी गयी है। कोल्हान के कुछ क्षेत्रों में आज तेज हवा के साथ बारिश भी हुई, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि पलामू और गढ़वा के इलाकों में आज भी लू का प्रकोप जारी रहा।

**********समाप्त**********